Seventeenth Loksabha

>

Title:Need to set up a new Medical College in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand. -laid

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा): मेरा लोक सभा क्षेत्र चतरा (झारखंड) में तीन जिले चतरा, लातेहार एवं पलामू आते है और तीनों जिले आंकाक्षी जिले हैं, जिनका क्षेत्रफल लगभग 8500 वर्ग किलोमीटर हैं। यह पूर्वोत्तर भारत का सबसे बड़ा संसदीय क्षेत्र हैं। मेरे लोक सभा में पांच विधानसभा क्षेत्र है जिनमें से चार विधानसभा क्षेत्र आरक्षित हैं। यह पूरा क्षेत्र विकास की दृष्टि से अत्यन्त पिछड़ा तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित (LWE) क्षेत्र है। इस क्षेत्र की बहुसंख्यक आबादी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाली अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछडे और कमजोर तबके की है। इस क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का अत्यन्त अभाव हैं।

माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी नेतृत्व में केन्द्र सरकार प्रत्येक तीन जिलों पर एक मेडिकल कॉलेज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव द्वारा झारखण्ड सरकार को दिनांक 01 मई 2020 को केन्द्र प्रायोजित योजनान्तर्गत (फेज-4) झारखण्ड राज्य के आंकाक्षी जिला में पूर्व से कार्यरत जिला/रेफरल अस्पताल को नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रस्ताव मांगा गया था।

मैं मंत्री जी से मांग करता हूँ कि चतरा (झारखण्ड) में नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु आवश्यक कदम उठायें जायें।